संक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(161)RSSB/अर्थना/रा.रा.प.पनि./परि./ भर्ती/2024/ **दिनांक :12.12.2024**

–:: परिचालक सीधी भर्ती–2024::–

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम कर्मचारी सेवा विनियम–1965 के संशोधित नियमों एवं भर्ती/पदौन्नति शिडयूल में वर्णित प्रावधानों एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत परिचालक पद हेतु निर्धारित प्रपत्र मे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा योग्य अभ्यर्थियों से विज्ञापन में वर्णित शर्तो एवं निर्बन्धनों के अध्याधीन ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते हैं :–

पद का नाम	पद संख्या	वेतनमान	आयु(दिनांक 01.01.2026 को)	शैक्षणिक योग्यता
परिचालक	**500** (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 456 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 44)	पे मैट्रिक्स लेवल **L-5**	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष	1. मान्यता प्राप्त मा.शिक्षा बोर्ड से सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण 2. परिचालक का लाईसेंस व बैज अनिवार्य।

पंजीयन करने की अवधि:–ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं पंजीयन शुल्क **दिनांक 27.03.2025 से दिनांक 25.04.2025 को रात्रि 23.59 बजे** तक भरे जा सकेंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

परीक्षा का माह व स्थान:–बोर्ड द्वारा परिचालक के उक्त पदों पर भर्ती परीक्षा हेतु विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाईट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जाएगी। बोर्ड के पास परीक्षा की दिनांक एवं स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।

अन्य बिन्दु व सूचना:–पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, आरक्षण संबंधी प्रावधान, रिक्त पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, परीक्षा की स्कीम एवं विस्तृत पाठ्यक्रम एवं ऑनलाइन आवेदन में संशोधन इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर अलग से जारी किया जाएगा।

इस भर्ती के संबंध में समय समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जाए।

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

Document certified by Bhag Chand Badhal <drbc1969@gmail.com>.

Digitally Signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date :12-12-2024 06:07:54

RajKaj Ref No.: 12410995